## उपचुनाव के लिए विधायक किशोरी लाल होंगे सह प्रभारी-संजय अवस्थी

**शमला।** अप्रैल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्य संसदीय सचिव बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव के लिए सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने बताया है कि किशोरी लाल को धर्मशाला विधानसभा उप चुनावों में ब्लॉक व अग्रणी सगंठनों के पदाधिकारियों के साथ तालमेल के साथ चुनाव प्रचार को लेकर बैठके करने को कहा गया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह चुनाव प्रचार के लिए रामपुर दौरे पर

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह कल 25 अप्रैल से 1 मई तक रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक, वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा व अन्य पदाधिकारी भी साथ रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनैतिक सचिव अमित पाल सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभा सिंह मण्डी संसदीय क्षेत्र के तहत रामपुर बुशैहर से इस चुनाव प्रचार का आगाज करेंगी।

प्रतिभा सिंह 25 अप्रैल को जगोरी, कूट, क्यॉ व ज्योरी में जनसभाएं व पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक करेंगी। रात्रि विश्राम रामपुर रहेगा।

26 अप्रैल को प्रतिभा सिंह कोशगड मझेवली,फुंजा शाह,दोफादा, मशनू,बटाली, धारगोरा,पासड़ा व रचोली में जनसभाएं व पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें करेंगी। रात्रि विश्राम रामपुर ही रहेगा।

27 अप्रैल को प्रतिभा सिंह काशा, पाट, मुनीश,कुखी, शरनाल,रदोली , दरकाली व सेरिमझाली,स्यारला व तकलेच में जनसभाएं करेंगी।

28 अप्रैल को सिंगला, शनेरी, ढांसा, लालसा,सुंधा व कराली जगुनी सनेई में जनसभाएं करेंगी।

29 अप्रैल को प्रतिभा सिंह नेरी,मझेवटी, फोला, प्लेडा, घाट वियोंथल,बेलू,मदोली, सुरड़,कंदरेडी,सुरड बंगलों, मोझीली टिप्पर व चकटी में जनसभाएं व जनसंपर्क करेंगी।

30 अप्रैल को पांडाधार, झिझनु,थैली,दादरा,लेलन, नवां, डोई ,बराच बरकेली डोई,टूटू व देलठ् बेओठ, कलमोग करांगलाव चुंजा में जनसंपर्क व जनसभाओं को सम्बोधित करेंगी।

1 मई को प्रतिभा सिंह रामपुर में अलग अलग संगठनात्मक बैठके करेंगी। इसमें ब्लॉक महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस व अनुसूचित जाति विभाग की बैठकें होगी। इसके उपरांत प्रतिभा सिंह शिमला लौट आएगी।

## टाहलीवाल तेल टैंकर हादसे को लेकर 27 तक दर्ज करवाए जा सकते हैं बयान

**ऊना।** ऊना जिले के टाहलीवाल में हुए तेल टैंकर हादसे के सम्बन्ध में चशमदीद समेत अन्य लोग सबूत, गवाह अथवा दुर्घटना के संबंध में किसी भी साक्ष्य-जानकारी को लेकर 27 अप्रैल तक एसडीएम कार्यालय हरोली में बयान दर्ज करवा सकते हैं।

इस दुर्घटना के जांच अधिकारी एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर ने कहा कि लोगों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य घटना के मूल कारणों तथा परिस्थितियों को समझने, जान माल को हुए नुकसान के कारणों को जानने और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने में सहायक होंगे।

बता दें, हरोली उपमंडल के टाहलीवाल में 7 अप्रैल को तेल टैंकर की दुर्घटना होने के चलते 15 दुकानों के साथ-साथ वाहनों का काफी नुक्सान हुआ था। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी और आठ लोग घायल हुए थे।

राजीव ठाकुर ने कहा कि तेल टैंकर की दुर्घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति के पास कोई साक्ष्य व गवाह है और वह बयान दर्ज करवाना चाहते हैं, तो वे 27 अप्रैल तक एसडीएम कार्यालय हरोली में अपने बयान दर्ज करवा सकते हैं।

## ओद्यौगिक खतरों व प्रबंधन योजना पर कार्यशाला 29 अप्रैल को

### राजीव गांधी सुविधा केंद्र बाथू में होगी कार्यशाला, डीसी करेंगे अध्यक्षता

**ऊना।** ओद्यौगिक खतरों व ओद्यौगिक प्रबंधन योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला 29 अप्रैल को हरोली के राजीव गांधी सुविधा केंद्र बाथू में आयोजित की जा रही है। इस एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल करेंगे। कार्यशाला पांच सत्रों में आयोजित होगी। पहले सत्र में एनडीआरएफ की 14वीं वटालियन ओद्यौगिक खतरों व ओद्यौगिक प्रबंधन योजना बारे और दूसरे सत्र में ओद्यौगिक अग्नि सुरक्षा उपायों बारे जागरूक करेंगे। तीसरे सत्र में अग्निशमन विभाग ऊना अग्नि सुरक्षा ऑडिट, चौथे व पांचवे सत्र में सहायक निदेशक उद्योग ऊना और जिला उद्योग केंद्र ऊना आपदा के दौरान होने वाली तैयारियों, प्रतिक्रिया के लिए नियामक ढांचे व अनुपालन के संबंध में जानकारी देंगे।

## गिंदपुर मलौन और घंघरेट में मतदान के प्रति किया जागरूक

**ऊना।** लोक सभा चुनावों और दो विधानसभा उप चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने और पात्र नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए जिला के विभिन्न जगहों पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। इसी कड़ी में आज चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गिंदपुर मलौन और घंघरेट में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने लोगों को उनके वोट के महत्व बारे अवगत करवाया और चुनावों में बढ़चढ़ अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कलाकारों ने लोगों को बताया कि मतदान वाले दिन वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए मतदान केंद्र पर विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी ताकि उन्हें वोट डालने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अलावा जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना वोट 4 मई, 2024 तक बूथ लेबल अधिकारी से बनवा सकते हैं अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सार्वजनिक संपत्तियों पर न हो कोई भी राजनीतिक पोस्टर, बैनर या होर्डिंग

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जिला में लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर किसी भी सरकारी भवन या अन्य सार्वजनिक संपत्ति पर कोई भी राजनीतिक पोस्टर, बैनर, होर्डिंग या कोई भी अन्य प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों और संगठनों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी कार्रवाई हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उनके विभागों के भवनों और अन्य संपत्तियों पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रचार सामग्री न लगाई गई हो।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों सहित विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण



**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी तथा अन्य अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने आज संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर का दौरा किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 04 से 08 मई तक का शिमला का प्रस्तावित दौरे है और इस दौरान वह शिमला के विभिन्न स्थानों पर जाएँगी। इस दौरान उपमंडल दंडाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

### 4 से 8 मई तक शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास में रुकेंगी द्रौपदी मुर्मू

**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 से 8 मई, 2024 तक शिमला आ रही हैं और इस प्रस्तावित दौरे के दौरान वह शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी।

यह जानकारी आज यहाँ जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 4 मई को दिल्ली से शिमला पहुंचेगी और अपने आधिकारिक निवास स्थान दी रिट्रीट में रुकेंगी। 5 मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेगी। उन्होंने बताया कि 6 मई को वह जिला कांगड़ा के दौरे पर रहेंगी और सांय शिमला वापिस आएगी। 7 मई को राष्ट्रपति संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेगी तथा सांय माल रोड पर भ्रमण करेगी। इसके पश्चात् वह ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेंगी और उसके बाद राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 8 मई को प्रातः शिमला से वापिस दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

जिला दण्डाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को हवाई अड्डा से दी रिट्रीट तक तथा संकट मोचन मंदिर व तारा देवी मंदिर के लिए जाने वाले मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इन मार्गों पर बिजली की तारों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम शिमला, साडा और वन विभाग को दी रिट्रीट और आसपास के क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने एसजेपीएनएल को दी रिट्रीट के लिए पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन जल भण्डारण स्त्रोत के टीडीएस मात्रा की जांच करने के भी निर्देश दिए।

अनुपम कश्यप ने अग्निशमन विभाग को दी रिट्रीट और अन्य स्थानों का फायर ऑडिट करने तथा शिमला के अतिरिक्त ठियोग में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम तैयार रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से समय रहते निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी अपने पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के दौरान शहर में भारी वाहनों की आवाजाही को बंद रखने के भी निर्देश दिए ताकि यातायात बाधित होने की कोई संभावना न रहे।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर शिमला में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की विभिन्न स्थानों पर तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त शिमला के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के दौरान दी रिट्रीट आम जनता व पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, आयुक्त नगर निगम शिमला भूपेन्द्र अत्री, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिमला नवदीप, उपमण्डल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर, उपमण्डल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, सहायक आयुक्त गोपाल चंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा (एचपीएफएएस) के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। ये प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), शिमला में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सफल होना उनके समर्पण व कड़े परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते समय जनहित और राज्य कल्याण को सर्वोच्च अधिमान देना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि उनका उद्देश्य अपने ईमानदार प्रयासों और राज्य के प्रति सच्ची निष्ठा से हिमाचल को सशक्त बनाना होना चाहिए।

शुक्ल ने कहा, आप जिस भी विभाग में सेवा करें, नैतिकता व मर्यादा बनाए रखें और अपनी सेवाओं के प्रति समर्पित रहें।

उनसे बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही बहुत जरूरी है। राज्यपाल ने उन्हें पेशेवर दृष्टिकोण के साथ अधिक समर्पण और ईमानदारी से काम करने को कहा।

हिप्पा के अतिरिक्त निदेशक प्रशांत सरकैक ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण पांच-पांच महीने में दो भागों में होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रशिक्षुओं को परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। दोनों भागों में सफल उम्मीदवारों को ही वित्त विभाग द्वारा किसी सरकारी विभाग या संस्थान में नियुक्त किया जाएगा।

पाठ्यक्रम निदेशक-सह-संयुक्त निदेशक हिप्पा राहुल लांबा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश में सरकार बनाने के दावे पूरी तरह मुंगेरीलाल के हसीन सपने : संजय अवस्थी

**शिमला।** अप्रैल प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि भाजपा प्रदेश में 4 जून के बाद सरकार बनाने के दावे पूरी तरह मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसे है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के यह सपने कभी पूरे होने वाले नही।

संजय अवस्थी ने हर्ष महाजन के उस दावे को भी पूरी तरह खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने प्रदेश के कुछ ओर कांग्रेस नेताओं के भाजपा में आने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा धनबल से अब कांग्रेस के किसी भी नेता की खरीद फरोख्त नही कर सकती,क्योंकि जिन कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है उन्हें प्रदेश के लोग कभी माफ नही करेंगे। उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने प्रदेश में जनमत का अपमान करते हुए अपने मतदाताओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया है और अब इन्हें चुनावों में करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में ठाकुर सुखविंदर सिंह सरकार पूरी तरह मजबूत और स्थिर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अभी भी पूर्ण बहुमत है और 4 जून के बाद कांग्रेस के पास बहुमत का आंकड़ा 40 से ऊपर का होगा। भाजपा को छह की छह विधानसभा उप चुनावों में करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा।

अवस्थी ने कहा है कि भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत सरकार को अस्थिर करने का जो प्रयास किया उसमें वह पूरी तरह असफल रही है। कांग्रेस के छह विधायकों की खरीद फरोख्त कर भाजपा ने लोकतंत्र का अपमान किया है। प्रदेश की ईमानदारी छवि को दागदार बनाने की कोशिश की है,इसे प्रदेश के लोग कभी स्वीकार नही करेंगे।

## कांग्रेस की वर्चुअल बैठक आयोजित

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के चुनाव वॉर रूम के आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से वर्चुल बैठक मेंअखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वार रूम के उपाध्यक्ष गोकुल बुटेल प्रदेश कांग्रेस वार रुम के उपाध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल की अध्यक्षता में वर्चुल बेठक का आयोजन किया गया बैठक में मीडिया से सम्बंधित सभी पदाधिकारी रणदीप ठाकुर,नितिन राणा,अद्विका शर्मा,त्रिलोक सूर्यवंशी, एस के सहगल,सत्यजीत नेगी,डॉक्टर दिनेश कुमार,जी एस तोमर,पूरन चंद व वीरेंद्र जसवाल उपस्थित रहे बैठक में पार्टी के प्रचार प्रसार की रणनीति पर विचार विमर्श करते हुए सोशल मीडिया की अहम भूमिका पर जोर देते हुए फेसबुक, ट्यूटर,इंस्टाग्राम पर पार्टी की नीतियों व निर्णयों को अधिक से अधिक प्रचारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों से आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वार रूम के दैनिक कार्यो की हर रोज समीक्षा की जाएगी।

## चुनावी प्रक्रिया से संबंधित एसैंबली मास्टर टेऊनरों के लिए वर्कशॉप आयोजित

### अधिकारी व कर्मचारी चुनावी ड्यूटी को गंभीरता से करें - एडीसी

**ऊना।** लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा उप चुनावों के मध्यनज़र आज बुधवार को डीआरडीए हॉल में 35 एसैंबली मास्टर टेऊनरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला लगाई गई। कार्याशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने की। एडीसी ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यशाला को गंभीरता से लें तथा इस दौरान अपनी सभी शंकाओं को स्पष्ट कर लें। एडीसी ने कहा कि चुनावों को पूर्ण स्वच्छ, निष्ठा एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने में अधिकारी व कर्मचारी अहम रोल अदा करते हैं। प्रत्येक बार चुनावों में कुछ नए नियम व दिशा निर्देश लागू होते हैं इसलिए ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जिन्होंने पूर्व में अनेकों बार चुनाव संबंधी ड्यूटी में हिस्सा लिया है उन्हें भी इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जा रही प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने व समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव इसकी उन्नति का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी ड्यूटी किसी भी व्यक्ति का देश व लोकतंत्र प्रति सर्वोच्च एवं महत्वपूर्ण कर्तव्य है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति चुनावी ड्यूटी को संपूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान एसैंबली मास्टर टेऊनरों को ईवीएम, छंटनी, मॉक पोल, वीवीपैट, वीयू व सीयू के संचालन व तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाई गई ताकि बेहतर तरीके से चुनावों को पूर्ण करवाया जा सके।

## आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारी मतदान के लिए भरें 12-डी फार्म्

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष व्यवस्था की है। ये अधिकारी और कर्मचारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्थापित होने वाले पोस्टल बैलेट सेंटर (पीबीसी) पर जाकर मतदान कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें 12-डी फार्म भरना होगा। पीबीसी पर मतदान के लिए उन्हें 3 दिन का समय दिया जाएगा। मंगलवार को आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं की श्रेणियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एम्बुलेंस सेवाएं, अग्निशमन विभाग के आवश्यक डयूटी कर्मचारी, लंबे रूटों पर तैनात चालक और परिचालक, दुग्ध प्रसंघ और सहकारी समितियों के दूध आपूर्ति सेवा में तैनात कर्मचारी, मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मी, पंप ऑपरेटर और टर्नर, इलेक्ट्रीशियन और लाइन-मैन तथा जेल कर्मचारी शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पीबीसी पर मतदान के लिए इन श्रेणियों के अधिकारियों व कर्मचारियों को फार्म 12-डी भरना होगा और नोडल अधिकारी फार्म के भाग-2 में अपना प्रमाण पत्र भी देंगे। नोडल अधिकारी इसे संबंधित निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेंगे।

## भूमती स्कूल में विद्यार्थियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम लोगों ने समझा मतदान का महत्व

**शिमला।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्वाचन विभाग अर्की लगातार यह प्रयास कर रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर उन्होंने मतदान के महत्व तथा नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही चुनाव आयोग की तरफ से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा उपलब्ध




करवाई जाएगी। इसके तहत रैम्प और व्हील चेयर, विशेष स्वयंसेवक तथा आवागमन में प्राथमिकता सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों (40 प्रतिशत से अधिक) व 85 वर्ष की आयु से अधिक मतदाताओं को घर से भी मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी जिसके लिए उन्हें 12डी फार्म भरना होगा। यह सुविधा आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी उपलब्ध होगी।

उन्होंने सभी लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह भी किया। उन्होंने आह्वान किया कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता एवं परिचितों को मतदान के लिए जागरूक करने के बारे में प्रेरित करें।

स्वीप अधिकारी डॉ. हेम राज सूर्या ने सभी से चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य हेम राज गौड़ ने भी सभी विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने माता-पिता तथा परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव विजयलक्ष्मी, एसएमसी प्रधान कुलदीप शर्मा, बूथ स्तर अधिकारी विमला शर्मा तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।